प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमशेदपुर में छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें टाटानगर–पटना, वाराणसी–देवघर, टाटानगर–ब्रह्मपुर, हावड़ा–धनबाद–गया, हावड़ा–दुमका–भागलपुर और हावड़ा–टाटानगर–राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्य में कई प्रमुख रेलवे परियोजनाओं का भी अनावरण किया जाएगा। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी कल जमशेदपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा से पहले प्रधानमंत्री का डेढ किलोमीटर लंबा रोड शो भी होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमशेदपुर से हजारीबाग में बनने वाले रेल कोचिंग कॉम्प्लेक्स का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि लगभग 41 करोड़ रुपए से यह कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार होगा।

****

उप राजधानी दुमका से हावड़ा की यात्रा अब वंदे भारत ट्रेन से लगभग पांच घंटे में पूरी हो जाएगी।

****

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा।

****

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने कहा है कि हिंदी भाषा देश को एकता के सूत्र में बांधती है। यही वजह है कि स्वतंत्रता संग्राम में भी हिंदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्री मिश्र आज रांची स्थित विकास भवन सभागार में हिंदी दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

****

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि सरकार उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए थोक बिक्री की रणनीति अपना रही है। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार बढ़ती मांग–आपूर्ति परिस्थितियों और कीमतों के रुझानों के आधार पर प्याज की लक्षित और स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है।

****

गोंदुलपारा कोयला खनन परियोजना के तहत हजारीबाग के बड़कागांव में अदाणी फॉउंडेशन झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली की लिखित परीक्षा की भी तैयारी कराएगा। फॉउंडेशन की ओर से दिए जा रहे प्रशिक्षण से छह अभ्यर्थियों ने अब तक शारीरिक परीक्षा पास कर ली है। अब छह महिला समेत कुल 12 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी।

****

देवघर जिले में तीन लोगों को डेंगू होने की पुष्टि हुई है। जिले के सिविल सर्जन रंजन सिंह ने आज बताया कि 30 लोगों में डेंगू और छह में चिकनगुनिया होने के संदेह पर सभी की जांच

कराई गयी थी। रिपोर्ट में चिकनगुनिया के सभी छह सैंपल निगेटिव पाए गए। श्री सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है और अस्पताल में जांच लगातार जारी है।

****

रांची समेत राज्य भर में आज प्रकृति पर्व करमा श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। रांची और आसपास स्थित अखरा में पूजा–अर्चना की जा रही है। इस दौरान बहनें अपने भाई की सुख–समृद्धि के लिए उपवास पर हैं। इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कल भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।